एक नजर में



### आक्सफोर्ड हाई स्कूल में मना ग्रेजुएशन उत्सव

**इछावर.** आक्सफोर्ड हाईस्कूल में किंडरगार्टन ग्रेजुएशन उत्सव मनाया गया. मुख्य अतिथि इंजी. अनुराग शर्मा थे. अध्यक्षता डा. बीना जे.कुरियन ग्रुप संस्था प्रमुख ने की. कार्यक्रम में रोबी मेथ्यू और रीतेश राठौर विशेष अतिथि थे. मुख्य अतिथि शर्मा एवं डा. बीना जे कुरियन ने बच्चों को स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर उत्साहवर्धन किया.प्री प्राईमरी से प्राईमरी कक्षा में जाने पर प्राचार्या संगीता मसीह ने बच्चों को आशीष दिया. वरिष्ठ शिक्षक विनीत शर्मा, मधु अग्रवाल, सरिता शर्मा, शिवा ने बधाई दी. कार्यक्रम में प्रियंका वर्मा,रितु वर्मा, अनिता मकरैया,गंगा परमार, दुर्गा शर्मा, विनीता परमार, पूजा वर्मा, संध्या यादव उपस्थित थे. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आए विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया गया. इंशा अजीम ने कक्षा10 वीं में 91 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया.संचालन प्रियंका वर्मा ने किया.



### वर्षा पूर्व सफाई अमले की ली बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

**आष्टा.** नगर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने एवं वर्षा ऋतु में जल भराव जैसी गंभीर समस्या उत्पन्न नही हो उसके लिए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति की उपस्थिति में बैठक लेते हुए सफाई अमले को वर्षा पूर्व नाला-नालियों कीसाफ-सफाई करने के निर्देश दिए. नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि सफाई कार्य के दौरान आमजन को परेशानियों का सामना न करना पड़े, ऐसी व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. साफ सफाई के साथ-साथ दवाओं का भी छिड़काव कराया जाए, ताकि संक्रमण न फैले. सीएमओ प्रजापति ने प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक को नालों-नालियों की सूची तैयार करने तथा सूची अनुसार ही वर्षा पूर्व सभी नाला-नालियों की समुचित सफाई करने के निर्देश दिए. नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद तारा कटारिया, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक विनोद सांगते, उपस्वच्छता निरीक्षक राजेश घेंघट, जमादार अमरदीप सांगते, मनोज घेंघट, रितेश सांगते, पप्पू खरे, जीवन करोशिया, जितेन्द्र सिंगन, किशोर डूमाने आदि मौजूद थे.

# ट्रक की टक्कर से पलटी ट्रैक्टर- ट्राली, दो गंभीर

## हादसों के लिए कुख्यात बिलकीसगंज जोड़ पर हादसा, ट्रैक्टर में दबे युवकों को बमुश्किल निकाला


**सीहोर.** गुरुवार की सुबह भी पचामा मार्ग पर एक फोर्स वाहन और स्विफ्ट कार के बीच जोरदार भिड़ंत में एक ग्रामीण घायल हो गया.

- ट्रैक्टर- ट्राली में अनाज भरकर ला रहे थे गल्ला मंडी
- हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार होने में कामयाब

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 16 अप्रैल. जिला मुख्यालय के समीप हाईवे स्थित झागरिया जोड़ पर बुधवार देर रात करीब 11.30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 3744 ने गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली क्र. एमपी 37 जेड 9024 को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई, जिससे उसमें सवार ग्रामीण घायल हो गए.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली ग्राम मोगराराम के कृषक गेहूं लेकर मंडी विक्रय के लिए जा रहे थे. बताया जाता है कि जैसे ही वह झागरिया जोड़ के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. हादसे के बाद ट्रॉली में भरा गेहूं सड़क पर बिखर गया और ट्रैक्टर पर बैठे दो ग्रामीण उसके नीचे दब गए जिससे अफरा-तफरी की स्थिति बन गई.

इस घटना में ट्रैक्टर चालक 30 वर्षीय अर्जुन पिता सजन सिंह एवं 25 वर्षीय धीरज पिता सुंदरलाल निवासी ग्राम मोगराराम, घायल हो गए. हादसे के बाद मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बचाव कार्य शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला. इसके बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है.

सूचना मिलते ही थाना कोतवाली पुलिस एवं एफआरवी वाहन तत्काल मौके पर पहुंचे. पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था को सुचारू किया, क्योंकि हादसे के कारण कुछ समय के लिए हाईवे पर आवागमन प्रभावित हो गया था. इसके साथ ही ट्रक को जब्त कर थाना लाया गया. हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया. पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है. प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना बताया जा रहा है.

### पचामा मार्ग पर फोर्स और स्विफ्ट के बीच भिड़ंत

जिला मुख्यालय के समीप पचामा मार्ग पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. राजपूत ढाबे के पास फोर्स गाड़ी और स्विफ्ट कार के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई. हादसा इतना भीषण था कि स्विफ्ट कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के पीछे सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही प्रमुख कारण है. सड़क का एक हिस्सा अधूरा पड़ा है, जिससे एक साइड काफी नीचा हो गया है और वहां गिट्टियां फैली हुई हैं. इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. खराब और असमतल सड़क के कारण चालक नीची साइड से बचते हुए पक्की और ऊंची लेन पर वाहन चलाने को मजबूर हैं।नतीजतन, दोनों दिशाओं के वाहन एक ही लेन में आ जाते हैं, जिससे आमने-सामने टक्कर की स्थिति बन जाती है. हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल चालक को बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार दिलाया और फिर अस्पताल पहुंचाया.

### रोजगार मेले में 184 युवाओं का चयन




**सीहोर.** जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार उद्योग केंद्र और शासकीय आईटीआई द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया गया. मेले में 16 कंपनियों द्वारा युवाओं का साक्षात्कार लिया गया तथा योग्यता अनुसार चयन किया गया. रोजगार मेले में कुल 242 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया तथा कुल 184 युवक-युवतियों का प्रारंभिक चयन किया गया. रोजगार मेले में स्वरोजगार विभागों द्वारा युवा संगम कार्यक्रम में मंच से 02 हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति के प्रमाण पत्र वितरित किए गए. इनमें पशुपालन डेयरी विभाग द्वारा अशोक उमराव सिंह एवं सुश्री मंजू वर्मा को 02 लाख 95 हजार रुपए का ऋण वितरित किया गया. इस अवसर पर प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव, प्राचार्य गब्बू परमार, संदीप उईके, विवेक यादव व अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

### पीएनजी कैंप लगाने के दिए निर्देश

**सीहोर.** खाद्य विभाग एवं सीजीडी कंपनियों द्वारा पीएनजी कनेक्शन के लिए पाइप नेटवर्क बिछाने, पीएनजी के नेटवर्क का विस्तार करने, पीएनजी के कनेक्शन हेतु उपभोक्ताओं को प्रेरित करने तथा पीएनजी के लाभ से अवगत कराने शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं. कालोनियों में 05 मई तक कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए हैं.

# सफलता के लिए मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प आवश्यक : कलेक्टर

- जिले के टॉपर विद्यार्थियों को किया सम्मानित
- कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ ने किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 16 अप्रैल.** माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तरीय मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के विद्यार्थियों से कलेक्टर बालागुरु के तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने भेंट की. कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने विद्यार्थियों को माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा बधाई दी.

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कलेक्टर तथा जिला पंचायत सीईओ से करियर और भविष्य में सफलता के संबंध में सवाल किए. कलेक्टर ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र है. कठिन परिश्रम और निरंतर प्रयास के बिना सफलता हासिल करना मुश्किल है. सफलता के लिए, मेहनत, लगन, और दृढ़ संकल्प आवश्यक हैं. उन्होंने कहा कि परिश्रम वही सफल होगा जो सही दिशा में किया जाए. आपने अपने जीवन का जो लक्ष्य निर्धारित किया है, बस उसी दिशा में निरंतर प्रयास करते रहें. सफलता के लिए हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण भी आवश्यक है. इसलिए सदैव सोच को सकारात्मक रखें.

इस अवसर पर कलेक्टर बालागुरू के. और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले कक्षा 10वीं के भव्य कुशवाह 490 अंक 98 प्रतिशत प्रदेश में 10वां स्थान, 12वीं कक्षा में गणित संकाय से श्लोक प्रजापति 98.60 प्रतिशत प्रथम स्थान, कला संकाय से हर्षिता जैन 96.20 प्रतिशत नौंवा स्थान, वाणिज्य संकाय से श्रुति मेवाड़ा 96.40 प्रतिशत नौंवा स्थान तथा जीव विज्ञान समूह से प्रिंसी विश्वकर्मा 97.40 प्रतिशत पांचवां स्थान को सम्मानित किया.

# कैम्ब्रिज विद्यालय के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास

- स्कूल का दसवीं और बारहवीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत
- स्कूल प्रबंधन ने दी होनहार विद्यार्थियों को बधाई




**नवभारत न्यूज**

**बुधनी 16 अप्रैल.** कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के घोषित परिणामों में कैम्ब्रिज विद्यालयने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान स्थापित किया है. विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा. सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए.

कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने विशेष उपलब्धि हासिल की। एकांश एवं प्रियम कुमारी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया. वहीं सुमित साहू ने 95.2, वंशिका मीणा93.4, आलोक यादव 93.2, दीक्षा सिंह 91.4 और सिद्धिका यादव 90.2 प्रतिशत अंक पाए.

अन्य सफल विद्यार्थियों में सृष्टि पाल (89 प्रतिशत, कोमल तिवारी 88, हिमांशु यादव, उदित पटेल 87, तनिष्का यादव 86, मीना मेवाड़ा 85.8, कृष्णा बचाले, मोहित 84, दिव्यांश, अमित मीणा 83, पूनम 82.2, सत्यम रिद्धि साहू 81.8, सत्यम जायसवाल 81.6, अर्चना साहा 81, अंश माथुर, रीत यादव, उषा चोरे 80, अमित साहू, लक्ष्य मालवी 79.6, दिव्यांश चौहान 78.2, प्राची दायमा 77.6, भूपेंद्र यादव 76.2, लक्ष्मी, सोच मीणा 76, मजीद खान 75.6, गायत्री मीणा 74.4त्न, केशव यादव 71.6, दीपक शाह 70, लक्ष्य यादव 69.6 एवं मुबीन खान 69.2 प्रतिशत शामिल रहे.

कक्षा 12वीं में सत्यम शर्मा 83.4 प्रतिशत, पूनम मीणा एवं अनुज 81, विधि पटेल 78, अनुराधा, क्षमा यादव 78 तथा डिंपल यादव 73.4 प्रतिशत ने सफलता अर्जित की.

विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सभी सफल विद्यार्थियों को पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं अभिभावकों की विशेष उपस्थिति रही. विद्यालय के डायरेक्टर राजेश यादव ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है. उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा. विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त शिक्षकगणों ने सभी होनहार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

### दिव्यांगजनों को किए उपकरण वितरित

**इछावर.** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित किया. चिन्हांकन कर 82 को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान किए गए.

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी श्रीमति कौशल्या बाई पिता चेन सिंह निवासी ग्राम महुआखेडा तहसील दौराहा जिला सीहोर म.प्र. के संयुक्त स्वत्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम महुआखेडा तहसील दौराहा जिला सीहोर म.प्र. में स्थित है जिसका ख.क्र. 305,306/ 307/ 308/ 2,500/ 305 किता 03 रकबा 3.3710 हैक्टेयर में से रकबा 2.77 एकड़ भूमि को क्रय करने का टोकन कर अग्रिम बयाना राशि अदा कर दी गई है। यदि उपरोक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय, संस्था, शासकीय अशासकीय कार्यालय, का कोई हक, हित, अधिकार, हिस्सा हो या विक्रय सम्बंधी समव्यवहार क्रय करने का बंधक रहन आदि रखने का हो अथवा न्यायालय संबंधित कोई मामला या प्रकरण हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे निर्धारित अवधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि का अपने हित में विक्रय अनुबंध पत्र का निष्पादन करा लिया जावेगा फिर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। और ना ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारी रहेंगी।

सर्व-साधारण को सूचित होवे।

**भवदीय**
**शिराज खान एडवोकेट**
**सीहोर मो.-9893932633**





